महत्वपूर्ण एवं खास

हाई टेंशन तार टूटी एक युवक और गाय की मौके पर हुई मौत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के अंतागढ़ के दाऊ तालाब के पास शुक्रवार की शाम को तलाब के ऊपर से जाने वाली हाई टेंशन तार टूट कर नीचे गिरने से एक युवक यशवंत निषाद और गाय करंट की चपेट में आने से युवक और गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाई टेंशन तार टूट कर नीचे गिरने से एक युवक और गाय की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पंहुच कर घटना के संबंध में जानकारी लेकर जांच एवं हाई टेंशन तार से दूरी बनाने के साथ मृतक युवक यशवंत निषाद पिता संजू राम निषाद उम्र 25 वर्ष अंतागढ़ के नयापारा निवासी का पंचनामा कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

कोयला से लदा ट्रक पलटा

बिलासपुर(आरएनएस)। शहर के मुख्य चौराहे, नेहरू चौक पर बीती रात कोयले से लदा एक ट्रक पलट गया। अरपा के इंदिरा सेतु से नेहरू चौक होते हुए मुंगेली जा रही ट्रेलर नेहरू चौक से दाएं होते मुड़ते समय रफ्तार में होने के कारण चौक में ही पलट गया। जिससे ट्रेलर पर लदा पूरा कोयला, चौक के एक तरफ सड़क पर बिखर गया। बहरहाल मौके पर यातायात विभाग के जवानों ने मोर्चा संभालते आने जाने वाले वाहनों व्यवस्थित आर-पार करा रहे हैं। पलटे ट्रक से बहुत सारा डीजल भी सड़क पर बह गया है। जिससे बारिश होने पर दोपहिया वाहनों के फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका है।

रायपुर जिले में 278 एक्टिव केस

रायपुर। रायपुर जिले में शुक्रवार को 34 नये पॉजीटिव मरीजों के मिलने के बाद 278 एक्टिव केस हो गये है, जिनका उपचार एम्स सहित अन्य कोविड अस्पतालों में चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में 10 जुलाई को 34 नये पॉजीटिव मरीजों की पहचान की गई थी, वहीं 53 मरीजों को डिस्चार्ज भी किया गया है। इस तरह जिले में अब तक कोरोना के कुल 602 पॉजीटिव मरीज मिल चुके है, जिनमें 322 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि 278 एक्टिव केस है। राहत भरी खबर यह है कि जिले में कोरोना से अब तक सिर्फ 02 मौत ही हुई है।

मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

कांकेर(आरएनएस)। जिले के ग्राम तालाकुर्रा से 29 मई की रात 12 बजे अज्ञात चोरों के द्वारा मनीष कुलदीप पिता जागेश्वर कुलदीप के घर से होंडा सीटी 100 मोटरसाईकल क्रमांक सीजी 19 बीडी 8558 के चोरी की घटना को अंजाम देकर चारों ने बाईक पार कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए बाईक चोर आरोपी मनीष तिवारी एवं उनके साथी मुकुंद मंडल को गिरफ्तार कर रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज अलसुबह बाईक चोरी के 41 दिन बाद मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आरोपी मनीष तिवारी 23 वर्ष एवं उनके साथी मुकुंद मंडल 21 वर्ष पखांजूर निवासी को गिरफ्तार कर रिमांड में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मनीष तिवारी और मुकुंद मंडल 29 मई को जेल से रिहा हो कर अपने घर पखांजूर जा रहे थे, घर जाने के दौरान मार्ग पर मनीष कुलदीप के घर से होंडा सीडी 100 मोटरसाईकल चोरी की घटना को अंजाम दिया।

पन्द्रह अगस्त से सभी जिलों में शुरू होगा गढ़कलेवा : मंत्री अमरजीत भगत ने दिए निर्देश

रायपुर। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने मंत्रालय महानदी भवन में संस्कृति विभाग के काम-काज की समीक्षा की। इस दौरान भगत ने कहा कि 15 अगस्त 2020 से राज्य के सभी जिला कलेक्टोरेट परिसर में गढ़कलेवा शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप प्रदेश वासियों को सस्ते दर पर छत्तीसगढ़ी व्यंजन उपलब्ध कराने के लिए गढ़कलेवा शुरू करने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए गए हैं। भगत ने अधिकारियों से कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित करना हमारा मूल उद्देश्य होना चाहिए। बांस गीत, मोहरी जैसी पारंपरिक विधा जो विलुप्त होती नजर आ रही है। इसे संरक्षित करने के लिए कार्ययोजना बनाएं और सही तरीके से क्रियान्वित भी करें। उन्होंने कहा कि बस्तर, सरगुजा में ऐसे कई तरह के पारंपरिक लोक गीत, नृत्य, संगीत है जो अपनी पहचान के आभाव में विलुप्त होते जा रहे हैं, उन्हें चिन्हित करके संरक्षण देना जरूरी है। भगत ने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रोत्साहन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। बैठक में संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी., विभाग के संचालक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

राज्य में 18 लाख बीपीएल राशनकार्ड फर्जी होंगे निरस्त

5 एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि फिर भी बनवाया बीपीएल राशनकार्ड

मंत्री अमरजीत ने कहा कि नियमानुसार ही और पात्र लोगों के राशनकार्ड नियमित रहेंगे

जो राशनकार्ड बनवाते समय जानकारी छुपाई है उनके खिलाफ कार्रवाई होगी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य 18 लाख बीपीएल राशनकार्डधारी ऐसे हैं जिनके पास 5 एकड़ से ज्यादा की कृषि भूमि है। कृषि भूमि की पिछले कई समय से चल रही जांच के बाद इस बात का खुलासा होने के बाद खाद्य विभाग भी सकते में आ गया है। दूसरी ओर मंत्री अमरजीत भगत ने इस मुद्दे पर स्पष्ट किया कि गलत तरीके से बनी राशनकार्ड निरस्त किए जाएंगे।

मंत्री अमरजीत भगत ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि नियमानुसार ही और पात्र लोगों के राशनकार्ड नियमित रहेंगे। वहीं जिन लोगों ने गलत जानकारी देकर अथवा जानकारी छिपाकर अपना बीपीएल राशनकार्ड बनवाया है, उनके राशनकार्ड निरस्त होंगे। इसके लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया गया है। ज्ञात हो कि भाजपा शासनकाल में बने इन राशनकार्डधारियों के पास नियम विरूद्ध 5 एकड़ से ज्यादा की कृषि भूमि है। ऐसे में यह सभी कार्डधारी बीपीएल की श्रेणी में नहीं आते। मगर राशनकार्ड बनवाते समय इन सभी लोगों ने कृषि भूमि की



जानकारी छिपाते हुए अपने आप को बीपीएल श्रेणी का बताकर राशनकार्ड बनवा लिया था। अब ऐसे लोगों का डाटा तैयार हो रहा है, इन सभी लोगों का राशनकार्ड निरस्त होगा। ज्ञात हो कि बीपीएल श्रेणी के राशनकार्डधारियों को शासन की कई योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है। राशनकार्ड के चलते ही उन्हें 1 रूपए किलो की दर से हर माह 35 किलो चावल प्राप्त होगा। इसके अलावा शासन की कई योजनओं में बीपीएल को विशेष रियायत प्राप्त होती है।

जीवितों का बनाया मृत्यु प्रमाण पत्र, दो गिरफ्तार

महासमुंद (आरएनएस)। जीवित व्यक्तियों का मृत प्रमाण-पत्र बनाने के मामले में पुलिस ने ग्राम पंचायत के एक चपरासी सहित एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन दोनों के खिलाफ पुलिस ने सचिव की शिकायत पर धारा 420, 511, 467, 468, 471, 120(बी) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया था। मामला पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बनपचरी का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बनपचरी के सचिव ने आवेदन देकर शिकायत की थी कि ग्राम अमोरी निवासी रेखलाल ध्रुव एवं ग्राम बनपचरी निवासी व ग्राम पंचायत का चपरासी राकेश कुमार ध्रुव दोनों मिलीभगत कर बनपचरी निवासी नीरा बाई ध्रुव एवं मनीराम ध्रुव का मृत्यु प्रमाण-पत्र बना दिया है।

दोहरे हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के खम्हरिया में शुक्रवार सुबह हुए दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने आरोपी को शाम होने के पहले ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नेम सिंह निषाद ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या की घटना को अंजाम दिया था.

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह मंदिर हसौद पुलिस को ग्राम खम्हरिया में दो लोगों की हत्या होने की सूचना मिली थी जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हत्यारे की खोजबीन शुरू कर दी। तड़के हुई हत्या के मामलें में पुलिस ने शाम होने से पहले ही हत्यारे को ढूंढ़ निकाला तथा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 8-10 दिन पहले मृतक परमानंद निषाद की पुरानी दुश्मनी को लेकर 39 वर्षीय आरोपी नेम सिंह निषाद तथा मृतक उल्लास वर्मा से पान ठेला नहीं खोलने के विवाद पर बहस हुई थी। इसी का बदला लेने के लिए शुक्रवार को सुबह 9 बजे जब परमानंद तथा उल्लास तालाब से नहाकर वापस घर आ रहे थे तभी आरोपी नेमसिंह वहां उन्हें रास्ते मे मिला और दोनो के सिर पर रॉड से ताबड़तोड वार कर दिया और फरार हो गया। आरोपी ने दोनो को इतनी बुरी तरह मारा था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है मृतकों तथा ओरोपी की पुरानी दुश्मनी की वजह से पुलिस को आरोपी के बारे में सुबह ही पता चल गया था, लेकिन वो घटना के बाद से फरार चल रहा था। जिसे शाम तक पुलिस ने। मामलें में मंदिर हसौद थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज किया है।

इस बार भाईयों की कलाईयों पर सजेंगी छत्तीसगढ़ी थीम पर बनी देशी राखियां

महिला समूह यूट्यूब से सीख कर बना रही नये-नये डिजाइन की राखियां

कोरबा (आरएनएस)। भाई-बहनों के प्यार का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन आने वाला है, ऐसे में बाजार में रंग बिरंगी राखियां आनी शुरू हो गई है। कभी कोरोना का हॉट स्पाट बन चुके कटघोरा की महिलाएं देशी राखी बनाकर नया मिशाल पेश कर रही हैं। बहनों का प्रेम बनकर इस रक्षाबंधन पर चावल, गेहूं, दाल, धान, पैरा, बांस, कौड़ी, रूद्राक्ष जैसे परंपरागत चीजों से बनी आकर्षक राखियां

भाईयों की कलाईयों पर सजेंगी। कोरबा जिले के जनपद पंचायत कटघोरा के जननी महिला संकुल संगठन धंवईपुर की महिलाएं चाइनीज राखियों को कड़ी टक्कर देने के लिए छत्तीसगढ़ी थीम पर राखियां बना रही हैं। समूह की 20-25 महिलाएं मिलकर पैरा, दाल, चावल दाने, कौंड़ी और गेहूं दाने से विभिन्न प्रकार की और नये-नये कलात्मक डिजाइन में राखियां बना रही हैं। भाई-बहन के प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन में स्वदेशी और पूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ी स्वरूप देने के लिए लगभग दस हजार राखियां समूह की महिलाएं तैयार कर रही हैं। राखियों का बिक्री मूल्य दस, बीस और पचास रूपये तय किया गया है। राखियों को बेचने के लिए स्थानीय बाजार के अलावा बाहर के मार्केट में भी भेजने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। घर के पास ही काम मिल जाने से समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन रही हैं। विदेशी और प्लास्टिक राखियों से मुक्ति तथा छत्तीसगढ़ी थीम पर बनी राखियां आमजन को स्वतः ही आकर्षित कर रही है। थीम पर बनी राखियों से अपनेपन की अलग ही भावना भाई-बहनों के पवित्र प्रेम को नई पहचान दे रही है।

फर्जी एकाउंट बनाकर कर रहे थे धोखाधड़ी,तीन नाबालिग गिरफ्तार

25 लाख के मोबाइल, लैपटाप, इलेक्ट्रानिक डिवाइस जब्त

बिलासपुर (आरएनएस)। साईबर सेल की टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक ऐसे गैंग की डिजिटल सर्विलेंस के माध्य से पतासाजी करने पर पता चला की हैंकिंग के नये-नये तरीके से अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड को हैक कर धोखाधड़ी करने की जानकारी पर तीनों नाबालिग लड़कों को बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राक्सी सर्वर का उपयोग कर अपचारी आईपी एड्रेस चेंज कर और सोशल मीडिया में लड़की की फर्जी आईडी बनाकर घटना को अंजाम देते थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार

छत्तीसगढ़ में इस तरह की धोखाधड़ी का यह पहला मामला है। हालांकि तीनों नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया है। उनके पास से 25 लाख के मोबाइल, लैपटाप, इलेक्ट्रानिक डिवाइस जब्त हुई है। एसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश में एक टीम गठित की गई थी। साइबर सेल की टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में ऐसे गैंग की डिजिटल सर्विलेंस के माध्यम से पतासाजी करने पर पता चला कि शहर के कुछ ऐसे नाबालिग बालक है। जो कि हैंकिंग के नये-नये तरीके यू-ट्यूब, गूगल, डब्ल्यू-थी स्कूल साइट से सिखकर जल्द ही अधिक पैसे कमाने के लालच में काम कर रहे हैं। शौक के कारण लगातार साइबर काइम की घटना को अंजाम दे रहे है। साथ ही अपचारी फेसबुक, इस्टाग्राम ईत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लड़कियों के नाम की फर्जी एकाउंट बनाकर लोगों से चैट करते थे। उनसे वीडियों कॉलिंग से बरगलाकर तथा वीडियों कॉल रिकार्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के नाम पर धमकी देकर अवैध रकम ऑनलाईन पेमेन्ट वॉलेट के माध्यम से वसूली कर रहे है।

कृषि विश्वविद्यालय में कैरियर डेवलपमेन्ट सेंटर प्रारंभ

राष्ट्रीय स्तर पर मिल सकेगा रोजगार

रायपुर। राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के अंतर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कैरियर डेवलपमेन्ट सेन्टर की स्थापना की गई है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में रोजगार की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त होगी और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कैरियर बनाने में मदद मिलेगी। यह केन्द्र विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने योग्य बनने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उद्यमी अथवा व्यवसायी के रूप में सहयोगी बनने का अवसर प्रदान करेगा। कैरियर डेवलपमेन्ट सेन्टर की स्थापना हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी (आई.सी.ए.आर.) तथा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध किया गया है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय देश के उन पांच कृषि विश्वविद्यालयों में शामिल है जिनमें राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के अंतर्गत कैरियर डेवलपमेन्ट सेन्टर की स्थापना की गई है।

राईसमिल कर्मचारी से लूट के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार,दो फरार

रायपुर। राईसमिल संचालक के कर्मचारियों से लूट मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुये बताया कि राईस मिल का संचालक मनोज कश्यप ने लूट की योजना बनाई थी। उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने जांच के दौरान लूट में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वही लूट की 71 लाख 50 हजार रुपये में से 68 लाख 50 हजार रुपये जब्त कर लिया गया है। ज्ञातव्य हो कि गुरुवार को कवर्धा के राइस मिल संचालक दिलीप अग्रवाल के कर्मचारियों को 71 लाख रुपए लेकर बिलासपुर के व्यापारी को देने जाते समय पांडातराई थाना क्षेत्र के जंगलपुर गांव के पास दो अज्ञात आरोपियों ने कर्मचारियों की आंख में मिर्च पाउडर डालकर उनसे बैग लूटकर फरार हो गये थे। घटना की जानकारी मिलते ही गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संरक्षित करना हमारा मूल उद्देश्य : अमरजीत भगत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संरक्षित करने पर जोर देते हुए पारंपरिक गीत-संगीत, खान-पान और नृत्य के साथ ही छत्तीसगढ़ी फिल्मों को प्रोत्साहित करने कार्ययोजना तैयार करने तथा इसे क्रियान्वित करने का निर्देश मातहत अधिकारियों को दिया है।

प्रदेश के संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत कल संस्कृति विभाग के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान मंत्री श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप 15 अगस्त से राज्य के सभी जिला मुख्यालयों खासकर कलेक्टोरेट परिसर में गढ़कलेवा शुरू कराने का निर्देश कलेक्टरों को दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित करना हमारा मूल उद्देश्य होना चाहिए। बांस गीत, मोहरी जैसी पारंपरिक विधा जो विलुप्त होती नजर आ रही है। इसे संरक्षित करने के लिए कार्ययोजना बनाएं और सही तरीके से क्रियान्वित भी करें।

उन्होंने कहा कि बस्तर, सरगुजा में ऐसे कई तरह के पारंपरिक लोक गीत, नृत्य, संगीत है जो अपनी पहचान के आभाव में विलुप्त होते जा रहे हैं, उन्हें चिन्हित करके संरक्षण देना जरूरी है। भगत ने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रोत्साहन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा है।

छत्तीसगढ़ में नाबार्ड के सहयोग से हुए कृषि और ग्रामीण विकास के कार्य साबित हो रहे हैं, मील का पत्थर : भूपेश बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष जी.आर. चिंताला के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, अधोसंरचनाओं के विकास के संबंध में विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से छत्तीसगढ़ में कृषि और ग्रामीण क्षेत्र सहित अनेक क्षेत्रों में विकास के अनेक कार्य हुए है, जो मील का पत्थर साबित हुए हैं। नाबार्ड के माध्यम से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए बहुत से काम हुए हैं, अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। यह आयोजन नाबार्ड के 12 जुलाई को स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के अध्यक्ष चिंताला सहित अधिकारियों-कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे उपस्थित थे। नाबार्ड के अध्यक्ष चिंताला और उप प्रबंध निदेशक पी.वी.एस. सूर्य कुमार मुम्बई से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। मुख्यमंत्री ने बस्तर अंचल की बहुउद्देशीय बोधघाट सिंचाई परियोजना और बस्तर अंचल के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नाबार्ड से सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोधघाट सिंचाई परियोजना बस्तर के लिए जीवनदायिनी साबित होगी, लगभग 22 हजार करोड़ रूपए लागत की इस परियोजना के माध्यम से पूरे बस्तर अंचल में सिंचाई की सुविधा के साथ पेयजल और निस्तार के लिए पानी उपलब्ध होगा। वर्तमान में बस्तर क्षेत्र में सिंचाई का प्रतिशत 0 से 5 प्रतिशत तक है। इस परियोजना के माध्यम से पूरा बस्तर सिंचित होगा। जिससे वहां के लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा। उन्होंने कहा कि अनेक नैसर्गिक विशेषताओं वाले बस्तर में नक्सल समस्या एक बड़ी चुनौती है। बस्तर के युवाओं को रोजगार देकर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने में सहायता मिलेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीमत एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ल्ले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU